www.prepp.in

# UGC NET Paper 2 June 24, 2007 Shift 1 Geography Question Paper

**J—8007**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# GEOGRAPHY

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) objective-type questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** Whaleback dunes are characteristic features of :

(A) Thar desert

(B) Gobi desert

(C) Australian desert

(D) Sahara desert

**2.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**. Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** In arid and semi-arid regions, sheet flood is an important land forming process.

**Reason (R) :** Arid and semi-arid regions experience high intensity short-duration rainfall.

**Code :**

(A) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(C) **(A)** is true and **(R)** is false.

(D) **(R)** is true but **(A)** is false.

**3.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**. Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Glacial troughs often exhibit remarkably flat floors.

**Reason (R) :** The flat floor in a glacial trough is produced by uniform glacial erosion.

**Codes:**

(A) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(B) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(C) **(A)** is false but **(R)** is true.

(D) **(R)** is true but **(A)** is false.

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** ह्वेलबैक बालुकास्तूप विशिष्ट लक्षण है :

(A) थार मरूस्थल के

(B) गोबी मरूस्थल के

(C) आस्ट्रेलियाई मरूस्थल के

(D) सहारा के मरूस्थल के

**2.** ***नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है। दिये गये संकेतों से अपना उत्तर चुनिये :***

**कथन (A) :** शुष्क एवं अर्धशुष्क प्रदेशों में जलसंघातपूर (शीटफ्लड) एक महत्वपूर्ण स्थलरूप निर्माणक प्रक्रम है।

**कारण (R) :** शुष्क एवं अर्धशुष्क प्रदेशों में उच्च तीव्रतावाली अल्पकालिक वर्षा होती है।

***संकेत :***

(A) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(B) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(C) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(D) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

**3.** ***नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है। दिये गये संकेतों से अपना उत्तर चुनिये :***

**कथन (A) :** हिमनदीय द्रोणीका का तल असाधारण रूप से सपाट होता है।

**कारण (R) :** हिमनदीय द्रोणीका में सपाट तल समरूप हिमनदीय अपरदन द्वारा निर्मित होता है।

***संकेत :***

(A) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(B) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(R)** सही है, किन्तु **(A)** गलत है।

4. Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List - I*** ***(Authors)*** | | ***List - II*** ***(Books)*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Thornbury | (i) | Rivers and River terraces |
| (b) | Dury | (ii) | Principles of Geomorphology |
| (c) | Steers | (iii) | Physical Geography |
| (d) | Strahler | (iv) | The Unstable Earth |

***Codes:***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

5. Who propounded the concept of dynamic equilibrium in geomorphology ?
(A) Davis
(B) King
(C) Hack
(D) Crickmay

6. Global pattern of surface temperature is generally controlled by :
(A) Latitude, Longitude and Altitude.
(B) Latitude, Longitude and Continent-Ocean contrast.
(C) Continent-Ocean contrast, Longitude and Altitude.
(D) Continent-Ocean contrast, Latitude and Altitude.

7. The criteria used by Thomthwaite in his classification of World Climates are :
(i) Precipitation effectiveness
(ii) Thermal efficiency
(iii) Potential evapotranspiration
(iv) Radiation efficiency

Select your answer from the codes given below :

Codes :
(A) (i), (ii) and (iv)
(B) (i), (ii) and (iii)
(C) (i), (iii) and (iv)
(D) (ii), (iii) and (iv)

4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और दिये गये संकेतों से सही उत्तर चुनिये :

| | ***लेखक*** | | ***पुस्तक*** |
|---|---|---|---|
| (a) | थार्नबरी | (i) | रिवर्स ऐंड रिवर टेरेसेटज |
| (b) | ड्यूरी | (ii) | प्रिन्सिपल्स ऑफ ज्योमार्फालॉजि |
| (c) | स्टियर्स | (iii) | फिजिकल ज्योग्रफ़ि |
| (d) | स्ट्रालर | (iv) | दि अन्स्टेबल अर्थ |

***संकेत :***

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

5. भू-आकृतिविज्ञान में गतिक संतुलन की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया?
   (A) डेविस
   (B) किंग
   (C) हैक
   (D) क्रिकमे

6. धरातलीय ताप का भूमण्डलीय प्रतिरूप सामान्यत: नियन्त्रित होता है :
   (A) अक्षांश, देशान्तर तथा ऊँचाई द्वारा
   (B) अक्षांश, देशान्तर तथा महाद्वीप-महासागर विषमता
   (C) महाद्वीप-महासागर विषमता, देशान्तर तथा ऊँचाई
   (D) महाद्वीप-महासागर विषमता, अक्षांश तथा ऊँचाई

7. थान्व वेट द्वारा विश्व के जलवायु-वर्गीकरण में प्रमुख मानदण्ड है :
   (i) वर्षा की प्रभावशालिता
   (ii) तापीय दक्षता
   (iii) सम्भाव्य वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन
   (iv) विकिरण दक्षता

   नीचे दिये गये संकेतों से अपना उत्तर चुनिये :

   ***संकेत :***
   (A) (i), (ii) तथा (iv)
   (B) (i), (ii) तथा (iii)
   (C) (i), (iii) तथा (iv)
   (D) (ii), (iii) तता (iv)

8. The earth's average albedo is estimated as :

(A) 32 percent

(B) 40 percent

(C) 21 percent

(D) 50 percent

9. Obsequent streams generally flow :

(A) along the consequent stream

(B) opposite to the consequent stream

(C) at right angle to the consequent stream

(D) diagonal to the consequent stream

10. The principle of uniformitarianism in Geomorphology was first advocated by :

(A) Davis

(B) Playfair

(C) Gilbert

(D) Hutton

11. Which of the following steel plants of India has the least cost location in the ideal location triangle conceived by Weber :

(A) Bokaro

(B) Bhilai

(C) Rourkela

(D) Durgapur

12. Gonds have their major concentration in :

(A) Koraput region

(B) Aravali region

(C) Chota nagpur region

(D) Bastar region

8. पृथ्वी का अनुमानित औसत अलबिदो है :
   (A) 32 प्रतिशत
   (B) 40 प्रतिशत
   (C) 21 प्रतिशत
   (D) 50 प्रतिशत

9. प्रत्यनुवर्ती सरिता सामान्यतया प्रवाहित होती है :
   (A) अनुवर्ती सरिता के अनुरूप
   (B) अनुवर्ती सरिता के विपरीत
   (C) अनुवर्ती सरिता के समकोण पर
   (D) अनुवर्ती सरिता के विकर्ण

10. भूआकृतिविज्ञान में एकरूपतावाद के सिद्धान्त के प्रथम पोषक कौन थे ?
   (A) डेविस
   (B) प्लेफेयर
   (C) गिल्बर्ट
   (D) हटन

11. भारत के निम्नलिखित स्पात संयंत्रों में से किस संयंत्र की वेबर द्वारा प्रतिपादित आदर्श स्थानिक त्रिभुज में निम्नतम स्थानीकरण लागत है ?
   (A) बोकारो
   (B) भिलाई
   (C) राउरकेला
   (D) दुर्गापुर

12. गौडों का बृहद् संकेन्द्रण है :
   (A) कोरापुट प्रदेश
   (B) अरावली प्रदेश
   (C) छोटा नागपुर प्रदेश
   (D) बस्तर प्रदेश

13. Topographical maps are produced in India by :
    (A) N.A.T.M.O
    (B) Survey of India
    (C) N.R.S.A.
    (D) D.R.D.O

14. Which one of the following is the commonly used measure of central tendency :
    (A) Mean
    (B) Median
    (C) Mode
    (D) Harmonic mean

15. Identify the author who wrote several volumes entitled 'GEOGRAPHICA' :
    (A) Eratosthenes
    (B) Ptolemy
    (C) Strabo
    (D) Herodotus

16. Which of the following statements about the Green Revolution in India is NOT true :
    (A) It was characterised by the use of high yielding variety of seeds and intensive irrigation and application of chemical fertilizers.
    (B) It started with increased wheat production in Punjab, Haryana and Western U.P.
    (C) It has resulted in increase in disparity in rural income.
    (D) It has caused substantial increase in the production of millets.

17. Coffee as a plantation crop is likely to be adversely affected by many causes of which the most important one is :
    (A) decline in international prices
    (B) attack by pests and diseases
    (C) tariff barriers for trade
    (D) development of substitutes

18. Taaffe's transportation model has a number of development phases. The number of phases are :
    (A) Four
    (B) Two
    (C) Six
    (D) Eight

13. भारत में अस्थलाकृत मानचित्रों का निर्माण किया जाता है?
   (A) एन.ए.टी.एम.ओ.
   (B) भारत का सर्वेक्षण विभाग
   (C) एन.आर.एस.ए.
   (D) डी.आर.डी.ओ.

14. निम्नलिखित में से केन्द्रीय प्रवृत्ति का सामान्यत: उपयोग में आने वाला मापन कौन सा है?
   (A) माध्य
   (B) माध्यिका
   (C) बहुलक
   (D) हरात्मक माध्य

15. 'ज्यॉग्राफिका' शीर्षक से कई ग्रन्थ लिखने वाले लेखक की पहचान कीजिए।
   (A) इरैटोस्थेन्स
   (B) टॉलेमी
   (C) स्ट्रैबो
   (D) हिरोडीटस

16. भारत में हरित क्रांति के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही नहीं है?
   (A) उन्नत बीजों, सघन सिंचाई तथा रासायनिक उर्वरकों का उपयोग इसकी विशेषता थी।
   (B) यह पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गेहूँ के उत्पादन में वृद्धि से प्रारम्भ हुई।
   (C) इसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण आय में विषमता बढ़ी।
   (D) इसके कारण मोटे अनाजों के उत्पादन में प्रचुर वृद्धि हुई।

17. जैसे फसल पर अनेक कारणों के दुष्प्रभाव की सम्भावना होती है, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण कारण है :
   (A) अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों में ह्रास
   (B) मारक कीटों एवं बीमारियों का आक्रमण
   (C) व्यापार में तटकर अवरोध
   (D) स्थानापन्नों (विकल्पों) का विकास

18. टाफे के परिवहन मॉडल में कई विकास की अवस्थायें है। इन अवस्थाओं की संख्या है :
   (A) चार
   (B) दो
   (C) छ:
   (D) आठ

**19.** Which of the following arrangements of biomes in order of availability of soil, water and heat is correct ?

(A) savanna, grassland, forest, tundra and desert

(B) savanna, forest, grassland, tundra and desert

(C) tundra, forest, grassland, savanna and desert

(D) forest, savanna, grassland, desert and tundra

**20.** Mangrove forests are mainly found along the sea faces of the delta of which one of the following rivers :

(A) Mahanandi

(B) Krishna

(C) Cauvery

(D) Ganga

**21.** Which one of the following is known as the "Carbon Sink" of the globe :

(A) Pacific Ocean

(B) Equatorial rain forests

(C) Antartica

(D) Savanna

**22.** Deep sea floor comprises which of the following deposits :

(A) Muds and Sands

(B) Sands and Gravels

(C) Muds and Gravels

(D) Muds and Red clay

**23.** Which one of the following is the most important air pollutants :

(A) Carbon dioxides

(B) Sulphur dioxides

(C) Hydro carbons

(D) SPM

**24.** Mechanisation of agriculture is best suited for countries with :

(A) High population density

(B) Low population density

(C) Vast agricultural land

(D) High standard of living

19. मिट्टी, जल तथा ऊष्मा की उपलब्धता के क्रम में निम्नलिखित में से जीवोम की कौनसी व्यवस्था सही है?
(A) सवाना, घासस्थल, वन, टुन्ड्रा और मरुस्थल
(B) सवाना, वन, घासस्थल, टुन्ड्रा और मरुस्थल
(C) टुन्ड्रा, वन, घासस्थल, सवाना और मरुस्थल
(D) वन, सवाना, घासस्थल, मरुस्थल और टुन्ड्रा

20. कच्छ वनस्पति (मैन्ग्रोव) के वन मुख्य रूप से निम्नलिखित किस नदी के डेल्टा के समुद्राग्र में पाये जाते हैं?
(A) महानदी
(B) कृष्णा
(C) कावेरी
(D) गंगा

21. निम्नलिखित में से कौनसा भूमण्डल का 'कार्बन कुंड' कहलाता है?
(A) प्रशान्त महासागर
(B) विषुवतरेखीय वर्षा के वन
(C) अंटार्कटिक
(D) सवाना

22. गंभीर समुद्री नितल में निम्नलिखित में से कौन से निक्षेप मिलते हैं?
(A) पंक और बालू
(B) बालू और बजरी
(C) पंक और बजरी
(D) पंक और लाल मिट्टी

23. निम्नलिखित में से कौन सबसे महत्वपूर्ण वायु प्रदूषक है?
(A) कार्बन डायऑक्साइड
(B) सल्फर डायऑक्साइड
(C) हाइड्रोकार्बन
(D) एस.पी.एम.

24. कृषि का मशीनीकरण किन देशों के लिए सबसे उपयुक्त है?
(A) उच्च जनसंख्या घनत्ववाले
(B) न्यून जनसंख्या घनत्ववाले
(C) विस्तृत कृषि भूमि वाले
(D) उच्च जीवन-स्तर वाले

25. Which one of the following crops enters international trade in large quantities :
(A) Rice
(B) Wheat
(C) Corn
(D) Barley

26. The book entitled "Socio-Economic Models" was edited by :
(A) Spate and Learmonth
(B) Herbert and Smith
(C) Johnston and Herbert
(D) Chorley and Haggett

27. Who among the following Arab Geographers spent several years in India and wrote a book on India :
(A) Ibn Batuta
(B) Al Idrisi
(C) Ibn Khaldun
(D) Al - Biruni

28. Who propounded the organic theory of the State ?
(A) Humbollt
(B) Richthofen
(C) Ratzel
(D) Ritter

29. Name the scholar who used the term geopolitik for the first time before the Second World War :
(A) Mackinder
(B) Kjellan
(C) Houshofer
(D) Spykman

30. Arunachal Pradesh was formerly known as :
(A) NWEP
(B) NEFA
(C) Buffer zone
(D) Frontier

25. निम्नलिखित में से किस फसल की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मात्रा प्रवेश करती है?
(A) चावल
(B) गेहूँ
(C) मक्का
(D) जौ

26. ''सोसियो-इकोनामिक मॉडल्स'' शीर्षक पुस्तक के सम्पादक थे :
(A) स्पेट तथा लियरमांथ
(B) हर्बर्ट तथा स्मिथ
(C) जॉन्सटन तथा हर्बर्ट
(D) चोर्ले तथा हैगेट

27. निम्नलिखित में से किस भूगोलवेत्ता ने भारत में अनेक वर्ष व्यतीत किये और भारत पर एक ग्रन्थ लिखा?
(A) इब्न बतूता
(B) अल इदरीसी
(C) इब्न खालदून
(D) अल-बीरूनी

28. किस ने राज्य का जैव सिद्धान्त प्रतिपादित किया?
(A) हम्बोल्ट
(B) रिश्तोफन
(C) रेटजेल
(D) रिटर

29. द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सबसे पहले ज्योपोलिटिरक शब्द का प्रयोग करने वाला विद्वान कौन था?
(A) मैकिन्डर
(B) जेलान
(C) हाउशोफर
(D) स्पाइकमैन

30. अरुणाचल प्रदेश का पूर्व नाम था :
(A) पश्चिमोत्तरी सीमान्त प्रदेश
(B) पूर्वोत्तरी सीमान्त प्रदेश
(C) मध्यवर्ती (बफर) कटिबन्ध
(D) सीमान्त

31. Which of the following tribal combination is confined to a single state of northeast India ?
(A) Khasi - Naga
(B) Garo - Khasi
(C) Naga - Mizo
(D) Khasi - Mizo

32. Which one of the following indicators is NOT relevant in the context of social well-being :
(A) Provision of housing
(B) Improved accessibility to health facilities
(C) Provision of educational facilities
(D) Entry of multinational companies in developing countries

33. The concept of 'Cultural hearth' was first used by :
(A) Berkeley School of Geography
(B) French School of Geography
(C) German School of Geography
(D) Chicago School of Geography

34. Winter rains in the North Indian Plains are caused by depressions coming from the :
(A) Arabian Sea
(B) Bay of Bengal
(C) Mediterranean Sea
(D) Pacific Ocean

35. Match **List -I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | *List - I* | | *List- II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Petroleum | (i) | Amlai |
| (b) | Paper Mill | (ii) | Jharkhand |
| (c) | Mica | (iii) | Orissa |
| (d) | Hiracud Project | (iv) | Cambay basin |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा जनजातीय संयोजन पूर्वोत्तर के एक राज्य में सीमित है?

(A) खासी – नागा

(B) गारो – खासी

(C) नागा – मिज़ो

(D) खासी – मिज़ो

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा सूचक सामाजिक कल्याण के सन्दर्भ में प्रासंगिक नहीं है?

(A) आवास का प्रावधान

(B) स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच में सुधार

(C) शिक्षा-सुविधाओं का प्रावधान

(D) विकासशील देशों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का प्रवेश

**33.** सांस्कृतिक स्थल (हार्थ) की अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग किया :

(A) भूगोल के बर्कले सम्प्रदाय ने

(B) भूगोल के फ्रान्सीसी सम्प्रदाय ने

(C) भूगोल के जर्मन सम्प्रदाय ने

(D) भूगोल के शिकागो सम्प्रदाय ने

**34.** उत्तरी भारत के मैदान में शीतकालीन वर्षा लाने वाले चक्रवात आते हैं :

(A) अरब सागर से

(B) बंगाल की खाड़ी से

(C) भूमध्य सागर से

(D) प्रशान्त महासागर से

**35.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए और दिये गये संकेतों से सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | पेट्रोलियम | (i) | अमलाई |
| (b) | कागज़ का कारखाना | (ii) | झारखण्ड |
| (c) | अभ्रक | (iii) | उड़ीसा |
| (d) | हीराकुड परियोजना | (iv) | खम्भात बेसिन |

**संकेत :**

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**36.** The leading saffron producing State of India is :

(A) Himachal Pradesh

(B) Arunachal Pradesh

(C) Jammu and Kashmir

(D) Nagaland

**37.** The theory of "demographic transition" is developed by :

(A) Warren Thompson

(B) C. P. Blacker

(C) Frank Notestein

(D) A. J. Coale and E. M. Hoover

**38.** Which of the following is the correct sequence in terms of density of population :

(A) Africa, Asia, America, Europe

(B) America, Asia, Africa, Europe

(C) Europe, Asia, America, Africa

(D) Asia, Europe, Africa, America

**39.** Which one of the following indicators is a direct measure of regional imbalance in development :

(A) Percentage of cultivated area to total geographical area

(B) Percapita consumer expenditure

(C) Accessibility to roads

(D) Literacy

**40.** Which one of the following attributes is not spatial data base :

(A) Location

(B) Lines

(C) Polygon

(D) Triangle

**41.** Which of the following pairs does ***NOT*** match correctly ?

(A) Malajkhand - Coal

(B) Bailadila - Iron ore

(C) Kudremukh - Iron ore

(D) Neyveli - Lignite

36. भारत का सर्वप्रमुख केसर उत्पादक राज्य है :
(A) हिमाचल प्रदेश
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) जम्मु और कश्मीर
(D) नागालैण्ड

37. जनांकिकी संक्रमण सिद्धान्त के प्रतिपादक थे :
(A) वारेन थाम्पसन
(B) सी.पी. ब्लेकर
(C) फ्रैंक नोटेस्टाइन
(D) ए.जे. कोल और ई.एम. हूवर

38. जनसंख्या घनत्व के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सही क्रम है?
(A) अफ्रीका, एशिया, अमरिका, यूरोप
(B) अमरिका, एशिया, अफ्रीका, यूरोप
(C) यूरोप, एशिया, अमरिका, अफ्रीका
(D) एशिया, यूरोप, अफ्रीका अमरिका

39. निम्नलिखित में से कौन विकास में प्रादेशिक असन्तुलन का प्रत्यक्ष प्रमाप है?
(A) कुल भौगोलिक क्षेत्र में कृष भूमि का प्रतिशत
(B) प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय
(C) सड़कों तक पहुँच
(D) साक्षरता

40. निम्नलिखित में से कौन विशेषता क्षेत्रीय आंकड़ा आधारित नहीं है?
(A) स्थिति
(B) रेखाएँ
(C) बहुभुज
(D) त्रिभुज

41. निम्नलिखित जोड़ों में कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है?
(A) मलाजखंड - कोयला
(B) बैलाडीला - लौह अयस्क
(C) कुद्रेमुख - लौह अयस्क
(D) निवेली - लिग्नाइट

**42.** The predominent soil type developed on the Archaean and Cuddapah geological systems in India is :

(A) Black soils

(B) Alluvial soils

(C) Red soils

(D) Intrazonal soils

**43.** Siachin glacier is located in :

(A) Greater Himalayas

(B) Trans Himalayas

(C) Lesser Himalayas

(D) Sub-Himalayas

**44.** The leading green tea producing country in the World is :

(A) China

(B) Sri Lanka

(C) Kenya

(D) India

**45.** Who tried to resolve the problem of dualism in geography by modifying the 'environment' concept with major focus on man ?

(A) Vidal de la Blache

(B) H. H. Barrows

(C) E. Huntington

(D) E. C. Semple

**46.** Which of the following pairs does ***NOT*** match correctly ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Satpura Mountain | - | Mahadeo hills |
| (B) | Chhota Nagpur Plateau | - | Rajmahal hills |
| (C) | Himalaya Mountains | - | Khasi hills |
| (D) | Vindhyan Range | - | Bhander Range |

**42.** भारत में आद्य महाकल्पीय एवं कडप्पा भूवैज्ञानिक क्रमों पर विकसित प्रमुख मृदा प्रकार है :

(A) काली मिट्टी

(B) जलोढ़ मिट्टी

(C) लाल मिट्टी

(D) अन्त:स्तरी मिट्टियाँ

**43.** सियाचिन हिमनद स्थित है?

(A) बृहत हिमालय में

(B) ट्रांस हिमालय में (हिमालय पार)

(C) लघु हिमालय में

(D) उप हिमालय में

**44.** विश्व में हरी चाय का सर्वप्रमुख उत्पादक देश है :

(A) चीन

(B) श्रीलंका

(C) केन्या

(D) भारत

**45.** किसने मुख्य रूप से मानव को केन्द्र में रखते हुए पर्यावरण की अवधारणा का परिष्कार करके भूगोल में द्वैधता की समस्या का हल करने का प्रयास किया?

(A) वाइडल डि ला ब्लाश

(B) एच.एच. बैरोज़

(C) ई. हंटिंग्टन

(D) ई.सी. सेम्पल

**46.** निम्नलिखित जोड़ों में से किसमें सही सुमेल नहीं है?

(A) सतपुड़ा पर्वत – महादेव पहाड़ी

(B) छोटा नागपुर का पठार – राजमहल पहाड़ी

(C) हिमालय पर्वत – खासी पहाड़ी

(D) विंध्य श्रेणी – भाँड़ेर श्रेणी

*Read the following paragraph and answer the following questions :*

In order to formulate a regional development policy in national planning with special reference to the federating States, an inventory of the spatial and locational patterns of the key sectors of the national economy is needed. On the basis of the analysis of the inventory, the country may be divided into 5 or 6 macro-regions comprising groups of federating States. Contiguity, inter-State and intra-State relationship and the resource potential for developing distinct regional economies could be the considerations in regional delineation. These would be the regions for formulating a regional development strategy in National Planning. For this purpose an attempt should then be made to analyse the existing spatial and locational components of the national development plans and to indicate alternative locations and areas within each of the macro-region to which the additional targets of production could be allocated. This analysis involves a study of the spatial dimension of the individual sector as well as regional and inter-regional analysis. The acceptance of any one inter-regional sectoral plan and the corresponding locational framework would be subject to political considerations too. It is in this context that the regional development policy has to be formulated in the national plan. The impact of such a development policy on the goals of economic and social development should further be spelt out on the basis of federating States which are the parts of the macro-regions. For a lack of the inventory on locational and spatial aspects and inadequate regional economic analysis of the development plans, the national plan leans heavily on the aggregated sectoral plans of States and inter-State comparison of selected sectors of development.

The spatial and the locational framework arrived at in the manner mentioned above would serve to pin-point areas of growth and corresponding locations that take care of the key sectors of the national plan. Political factors that enter into actual policy formulation would then have an objective basis for reconciliation. More intensive analysis is needed at the State level for integrating the growth areas and growth-points evolved out of the regional development policy consideration into the plans of different sub-regions within the States.

**47.** The central theme of the passage is concerned with :

(A) The importance of regional development policy

(B) The need for inventory of the spatial and locational patterns

(C) The goals of economic and social development

(D) The sectoral plans of States

**48.** The crux of the problem for regional development planning is :

(A) Leaning heavily on the sectoral plans of State

(B) Political factors entering into actual policy formulation

(C) Integration of growth areas and growth points

(D) Lack of inventory of the spatial and locational aspects

***निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।***

संघीय राज्यों के विशेष सन्दर्भ में राष्ट्रीय नियोजन के अन्तर्गत प्रादेशिक विकास नीति बनाने के लिए राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख खंडों के स्थानिक एवं अवस्थितिक प्रतिरूपों की विवरण सूची आवश्यक है। इस सूची के विश्लेषण के आधार पर देश को संघीय राज्यों के समूहों वाले 5 या 6 बृहत प्रदेशों में विभाजित किया जा सकता है। प्रादेशिक सीमांकन में संलग्नता, अन्तरराज्यीय एवं अन्त: राज्यीय सम्बन्ध और विशिष्ट प्रादेशिक अर्थव्यवस्थाओं के विकास के लिए संसाधन सम्भाव्यताएँ प्रदेशों के सीमांकन के आधार हो सकते है। ये प्रदेश राष्ट्रीय योजना में प्रादेशिक विकास की व्यूह रचना के लिए हो सकते हैं। इस उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय विकास योजनाओं के वर्तमान स्थानिक एवं अवस्थितिक अवयवों के विश्लेषण का, और प्रत्येक बृहत् प्रदेश के अन्तर्गत वैकल्पिक अवस्थानों तथा क्षेत्रों, जिन्हें उत्पादन के अतिरीक्त लक्ष्य नियम किये जा सकते हैं, को इंगित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस विश्लेषण के अन्तर्गत व्यक्तिगत खंड के स्थानिक आयाम और प्रादेशिक एवं अन्तर्प्रादेशिक विश्लेषण शामिल हैं। किसी भी अन्तर्राज्यीज खंडीय योजना एवं सम्बन्धित अवस्थितिक ढाँचे की स्वीकृति राजनैतिक निरूपणों पर भी आधारित होगी। इस प्रकार इस सन्दर्भ में राष्ट्रीय योजना में प्रादेशिक विकास नीति का निर्माण होना चाहिए। आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लक्ष्यों पर इस विकास नीति के प्रभाव की विवेचना और आगे बृहत प्रदेशों के घटक संघीय राज्यों के आधार पर भी होना चाहिए। क्योंकि अवस्थितिक एवं स्थानिक आयामों पर विवरण सूची के अभाव, और विकास योजनाओं के अपर्याप्त प्रादेशिक आर्थिक विश्लेषण के कारण राष्ट्रीय योजनाएँ राज्यों के समुच्चयित खंडीय योजनाओं तथा विकास के चुने हुए खंडों की अन्तर्राज्यीय तुलना पर बहुत अधिक आश्रित हो जाती हैं।

ऊपर वर्णित तरीके से निर्मित स्थानिक एवं अवस्थितिक ढ़ाँचा विकास के क्षेत्रों एवं सम्बन्धित अवस्थानों जो कि राष्ट्रीय योजना के प्रमुख खंडों से सम्बन्धित है, को स्पष्ट रूप से इंगित करने में मदद करता है। राजनैतिक कारकों जो वास्तव में नीति निर्धारण के लिए महत्वपूर्ण हैं, को तब तर्कसंगत आधार मिल जाएगा। राज्यों के अन्तर्गत विभिन्न उपप्रदेशों की योजनाओं में प्रादेशिक विकास नीति सम्बन्धी विचार से विकसित विकास क्षेत्रों एवं विकास बिन्दुओं के एकीकरण के लिए राज्य स्तर पर अधिक गहन विश्लेषण की आवश्यकता है।

**47.** गद्यांश का मूल विषय सम्बन्धित है :

(A) प्रादेशिक विकास नीति से

(B) स्थानिक तथा अवस्थितिक प्रतिरूपों की विवरण सूची से

(C) आर्थिक तथा सामाजिक विकास के लक्ष्यों से

(D) राज्यों के खंडीय योजनाओं से

**48.** प्रादेशिक विकास नियोजन की समस्या का मूल विषय है :

(A) राज्य के खंडीय योजनाओं पर अधिक अवलम्बन

(B) वास्तविक नीति निर्माण में राजनैतिक कारकों का प्रवेश

(C) विकास क्षेत्रों तथा विकास बिन्दुओं का एकीकरण

(D) स्थानिक तथा अवस्थितिक आयामों की विवरण सूची का अभाव

49. Dividing the country into macro-regions comprising groups of federating States could be done on the basis of :

(A) The inter-State and intra-State plans

(B) The analysis of inventory

(C) The individual sector analysis

(D) The inter-regional analysis

50. Political considerations are very much essential in :

(A) National planning

(B) Regional development policy

(C) Inter-sectoral development

(D) All the above

- o O o -

**49.** देश को संघीय राज्यों के समूहों वाले बृहत् प्रदेशों में विभाजन किस आधार पर हो सकता है?

(A) अन्तर्राज्यीय तथा अन्त: राज्यीय योजनाएँ

(B) विवरण सूची का विश्लेषण

(C) व्यक्तिगत खंडों का विश्लेषण

(D) अन्तरप्रादेशिक विश्लेषण

**50.** राजनैतिक सोच विचार अत्यधिक आवश्यक हैं?

(A) राजनैतिक नियोजन में

(B) प्रादेशिक विकास नीति में

(C) अन्तर खंडीय विकास में

(D) उपर्युक्त सभी में

- o O o -

Space For Rough Work